गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित | R.N.I.NO. UPHIN/1998/202

# हिन्द आत्मा

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत | दैनिक | प्रातः कालीन संस्करण

दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड़, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

● वर्ष: 27 ● अंक: 56 ● गाजियाबाद, सोमवार 26 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य: 1 रूपया






### मन की बात के 122वें एपिसोड में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट, 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर किसी को तिरंगे में रंग दिया...



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में कई विषयों पर देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है और संकल्पबद्ध है। हर भारतीय का यही निश्चय है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो अद्भुत पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है। ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देशभक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा कि देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वालंटियर्स बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए। चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मन की बात में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक्स और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है।

### वो गांव जहां पहली बार पहुंची बस

पीएम ने कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में और इस गांव का नाम है काटेझरी।

### गुजरात के गिर में शेरों की आबादी बढ़ी

उन्होंने कहा कि पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। शेरों की जनगणना के बाद सामने आई शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहित करने वाली है। गुजरात ऐसा पहला राज्य बना, जहां बड़े पैमाने पर फॉरेस्ट ऑफिसर्स के पद पर महिलाओं की तैनाती की गई।

## हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत: मोहन भागवत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए-सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से-कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपा है। यह बातचीत करीब दो महीने पहले बंगलूरू में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी। मोहन भागवत ने कहा कि हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा कि हम प्रार्थना करते हैं: 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' – यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें। उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम ये ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा-लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया।

## एनडीए की बैठक: सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा में प्रस्ताव पारित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में अहम प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसमें पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन करने वाली भाजपा ने कहा कि बैठक में जाति गणना, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न एनडीए राज्य सरकारों की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित रहा। कई मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों की प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

## प्रदेश में पहले दिन नहीं तपा नौतपा, आंधी-बारिश से चार मौतें, उड़ानें डायवर्ट, हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** हवाओं और बारिश के असर से रविवार से शुरू हुए नौतपा के पहले दिन गर्मी से राहत रही। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में लू नहीं चली। हालांकि, नमी युक्त पूर्वा हवाओं से उमस भरी गर्मी रही। वहीं, आंधी और बारिश के बीच अलग-अलग जिलों में हुए हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार 2 जून तक नौतपा के दौरान तपिश और गर्मी मध्यम दर्जे की रहने के संकेत हैं। रविवार को पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ समेत अगरा, अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर में हल्की से मध्यम बारिश हुई। ब्रज के जिलों में रविवार तड़के आंधी, बारिश से भारी नुकसान पहुंचा। जगह-जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। इससे आपूर्ति बाधित हुई। टिनशेड उड़ गए। अलीगढ़ में मकान की छत गिरने से जयरानी देवी (60) की मौत हो गई।

गाजियाबाद में रविवार सुबह अंकुर बिहार स्थित एसीपी कार्यालय की छत गिरने से एक दरोगा की मौत हो गई। एक मकान की छत गिरसे से एक युवक की भी मौत हो गई। बरेली में बिजली गिरने से 40 वर्षीय राजेंद्र की मौत हो गई। हाथरस में दीवार गिरने से तीन लोग घायल हो गए। एटा के जलेसर में बिजली की गरज-चमक से फार्म हाउस में 32 बकरियां मर गईं। मैनपुरी, हापुड़ भी प्रभावित रहे। रामपुर, अमरोहा, संभल और मुरादाबाद में रविवार की सुबह हल्की बारिश हुई।

## प्रदेश में खत्म होगी जाम की समस्या, 6124 करोड़ रूपये से बनेंगे 62 रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर



**लखनऊ।** प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर का निर्माण जारी है। सीएम योगी के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग ने विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 62 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिससे प्रदेश के यातायात में अप्रत्याशित सुधार आएगा। इसपर 6,124 करोड़ रुपए नए निर्माण पर खर्च होंगे। लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं। इनमें 6,124 करोड़ रुपए नए निर्माण पर खर्च होंगे। लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए यह काम प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई मानकों को आधार बनाया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार सरकार का यह कदम न केवल उत्तम कनेक्टिविटी तैयार करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा। लोकनिर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिन 62 बाईपास व रिंग रोड्स का निर्माण किया जाना है उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार, एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों व पालिकाओं द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर आबादी व प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा किया जाएगा। हालांकि जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजर रहे हैं, ऐसी नगर पालिकाओं व परिषदों को शामिल नहीं किया जाएगा। इन क्षेत्रों में रिंग रोड व बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

## लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निकाला



**पटना।** पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। लालू प्रसाद यादव ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।

दरअसल, शनिवार शाम तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया (फेसबुक) अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुआ था। इसमें तेज प्रताप एक लड़की के साथ दिख रहे थे। इसमें लिखा गया था कि मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम ******* है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहें हैं। मैं बहुत दिनों से आपलोगों से यह बात कहना चाहता था पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं....? इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल का बात आप सब के बीच रख रहा हूं! आशा करता हू आपलोग मेरी बातों समझेंगे। यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर लोग इस पोस्ट को खूब शेयर करने लगे। हालांकि, यह पोस्ट तेज प्रताप यादव के अकाउंट से डिलीट कर दी गई। लेकिन, सियासी गलियारे से लेकर आम युवाओं के बीच यह चर्चा का विषय बन गया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला।

### हैक हो गई मेरी आईडी: तेज प्रताप

इधर, कथित गर्लफ्रेंड के साथ पोस्ट वायरल होने के कुछ देर बाद तेज प्रताप यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट हैक होने की जानकारी दी। इसमें यह कहा गया है कि ये सब उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने लिखा है कि 'मेरे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म को हैक एवं मेरी तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है। मैं अपने शुभचिंतको और फॉलोवर्स से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें...'।

## 20 मई तक उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 7700 मौतें हुई

### एक रिपोर्ट में आया है, दोपहर और शाम सड़क उपयोगकर्ताओ के लिए सबसे खतरनाक समय बने हुए हैं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस साल 1 जनवरी से 20 मई के बीच 13,000 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं और लगभग 7,700 मौतें दर्ज की गईं। एक नए राज्य-स्तरीय विश्लेषण में सामने आया है कि दोपहर और शाम सड़क उपयोगकर्ताओ के लिए सबसे खतरनाक समय बने हुए हैं। ये निष्कर्ष उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा और जागरूकता प्रकोष्ठ द्वारा संकलित समय-आधारित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट का हिस्सा हैं, जिसमें आईआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस), ईडीएआर (ई-विस्तृत दुर्घटना रिकॉर्ड) और राज्य के अपने सड़क सुरक्षा डैशबोर्ड से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024 में उत्तर प्रदेश में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 24,118 लोगों की मृत्यु हुई और 34,665 लोग घायल हुए। इसकी तुलना में, 2023 में 44,534 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23,652 लोगों की मृत्यु हुई और 31,098 लोग घायल हुए। नवीनतम विश्लेषण से पता चलता है कि 60 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं दोपहर (दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक) और शाम (शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक) के समय हुईं।

अध्ययन के अनुसार दोपहर का समय सबसे घातक रहा, जिसमें 4,352 दुर्घटनाएं और 2,238 मौतें दर्ज की गईं। जो इस प्रवृत्ति को इन घंटों के दौरान सड़कों पर 'अत्यधिक गर्मी, चालक की थकान, ओवर-स्पीडिंग और वाहनों के बढ़ते भार' के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराता है। शाम के घंटों में 3,254 दुर्घटनाएं और 1,945 मौतें हुईं, जो 'काम के बाद यातायात की भीड़ और सूर्यास्त के बाद दृश्यता में कमी' के कारण हुईं। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सुबह के घंटों में 2,629 दुर्घटनाएँ और 1,447 मौतें हुईं। हालांकि यह अपेक्षाकृत सुरक्षित था, फिर भी इस अवधि में स्कूल और कार्यालय के घंटों का ट्रैफिक प्रभाव था। देर रात के घंटों में रात 9 बजे से सुबह 3 बजे तक, 2,585 दुर्घटनाएं और 1,699 मौतें दर्ज की गईं। देर के समय, हालांकि दुर्घटनाओं की संख्या कम थी, लेकिन खाली सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने और चालक की थकान के कारण गंभीरता काफी अधिक थी। सुबह 3 बजे से सुबह 6 बजे के बीच सबसे कम दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जो 506 थीं, लेकिन 392 मौतों के साथ, मृत्यु दर लगभग 77 प्रतिशत के साथ चिंताजनक रूप से उच्च थी। अध्ययन में उल्लेख किया गया है कि 'नींद से वंचित ड्राइवर और थके हुए लंबी दूरी के परिवहन ऑपरेटर' इन अत्यधिक घातक दुर्घटनाओं के पीछे प्रमुख कारक थे। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि दोपहर और शाम की दुर्घटनाएं मात्रा और व्यवहार-संबंधी कारकों के कारण उच्च जोखिम वाली बनी हुई हैं, रात के समय और सुबह की दुर्घटनाएँ, हालांकि कम थीं लेकिन कहीं अधिक घातक थीं।

जवाब में, राज्य के सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सर्वाधिक जोखिम वाले घंटों के दौरान प्रवर्तन अभियान चलाने, पुलिस और गति जांच उपकरणों की तैनाती बढ़ाने और वास्तविक समय में उल्लंघनों को ट्रैक करने के लिए सीसीटीवी निगरानी के बेहतर उपयोग की सिफारिश की है। रिपोर्ट में जीपीएस-ट्रैकिंग और ट्रैफिक क्लीयरेंस प्रोटोकॉल के माध्यम से एम्बुलेंस सेवाओं को मजबूत करने का आह्वान किया गया है। यह सुबह के समय भीड़भाड़ को कम करने के लिए स्कूलों और कार्यालयों के समय पर पुनर्विचार करने का सुझाव देता है। देर रात ड्राइविंग के लिए, रिपोर्ट में आराम करने के लिए जगह, नेविगेशनल एड्स और चौबीसों घंटे हेल्पलाइन स्थापित करने और वाणिज्यिक चालकों की सहायता और निगरानी के लिए राजमार्ग चेक-पोस्ट सक्रिय करने की सिफारिश की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा था। सख्त प्रवर्तन, वाणिज्यिक ट्रांसपोर्टरों के लिए बेहतर प्रशिक्षण, लापरवाही के मामलों में कानूनी कार्रवाई और सभी सड़क उपयोगकर्ताओं को लक्षित करके जन जागरूकता अभियान, लेखकों द्वारा की गई कुछ अन्य सिफारिशें थीं।

# एक बार फिर पुलिस की तानाशाही के शिकार हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज

## एक बार फिर शिवशक्ति धाम डासना को छावनी बना कर महामंडलेश्वर जी को दिल्ली शोभायात्रा में जाने से रोका

» पुलिस देश को संविधान से नहीं बल्कि इस्लामिक शरीयत से चला रही है : महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** रविवार को शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदसनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज एक बार फिर पुलिस की तानाशाही के शिकार हुए और उन्हें दिल्ली में होने वाली एक धार्मिक यात्रा के आरंभ में विधिवत पूजन और दीप प्रज्वलित करने से रोक दिया गया। बाला जी महाराज की इस शोभा यात्रा का प्रारंभ नवदीपक पब्लिक स्कूल, रामा गार्डेन, करावल नगर, दिल्ली से आज शाम 4 बजे होना था जिसके विधिवत पूजन के लिए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी को आमंत्रित किया गया था। पूजन के बाद उन्हें दीप प्रज्वलित करना था परंतु पता नहीं किस कारण से सुबह ही दिल्ली पुलिस की टीम के साथ थाना प्रभारी वेब सिटी ने पूरे मंदिर को घेर लिया और महामंडलेश्वर जी को उनके कमरे में ही नजरबंद कर दिया।महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने पुलिस कर्मियों को बहुत समझाने की कोशिश की कि वहां वो बस पूजा और दीप प्रज्वलित करने के लिए जा रहे हैं परन्तु उनकी कोई बात नहीं सुनी गई और उनको बताया गया कि उनकी भलाई इसी में है कि वो चुपचाप दिल्ली जाने की बात भूल जाए। बार बार पुलिस से टकराव से पीड़ित महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने अपने स्वभाव के विपरीत पुलिस के समक्ष दयनीय समर्पण कर दिया और चुपचाप अपने कक्ष में ही बैठे रहे। उन्होंने केवल पुलिस कर्मियों से यह कहा कि ये उनके धार्मिक अधिकारों का हनन है। ऐसा लगता है कि देश अब संविधान से नहीं बल्कि इस्लामिक शरीयत से चल रहा है। आज हजार वर्ष तक गुलामी से संघर्ष करने वाले सभी अमर बलिदानियों के सभी सपने धूल धूसरित हो रहे हैं। आज जो हो रहा है वो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है और इसकी कीमत हिंदुओं की आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय आधार कार्ड शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अरुण त्यागी के निवास स्थान, मेन रोड ग्राम सरना, संत नगर, मोहनलाल मार्केट, मुरादनगर (गाजियाबाद) पर एक दिवसीय आधार कार्ड शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं–जैसे कि 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए नए आधार कार्ड बनवाना तथा सभी आयु वर्ग के लिए सुधार व संशोधन–उपलब्ध कराए गए। साथ ही, श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा भी दी गई। शिविर का उद्घाटन मुरादनगर के यशस्वी विधायक अजीत पाल त्यागी के निर्देश पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक त्यागी, प्रदीप चौधरी एवं पं. अशोक भारतीय उपस्थित रहे। अतिथियों ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं और आधार केंद्रों पर लगने वाली लंबी लाइनों से बचें। बालकिशन गुप्ता, मुख्य अतिथि विवेक त्यागी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत अरुण त्यागी (मंडल अध्यक्ष, मुरादनगर शहर), राहुल गोयल तथा प्रशांत खटीक ने किया।

विवेक त्यागी ने जानकारी दी कि जनपद में राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा लगभग 25 स्थानों पर आधार कार्ड व नेत्र जांच शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पहल का विस्तार करने की बात कही, जिसे जनता ने सराहा। शिविर में मुख्य रूप से विवेक त्यागी, बालकिशन गुप्ता, पं. अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, समीर शर्मा, रितेश त्यागी, नवनीत निम्मी, अभिषेक त्यागी, सचिन त्यागी, गौरव त्यागी, राहुल गोयल, प्रशांत खटीक, मनोज कुमार (टेक्निकल सपोर्ट, डाक विभाग), उनकी टीम, तथा डॉ. विकास वीरवाल एवं श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम की टीम उपस्थित रही। शिविर की उपलब्धियाँ 100 से अधिक नागरिकों ने नए आधार कार्ड बनवाए या संशोधन कराया, 125 से अधिक लोगों ने नेत्र जांच कराई।

# महर्षि दयानंद विद्यापीठ में 23 मई से आठ दिवसीय शिक्षक विकास कार्यशाला का किया गया शुभारंभ





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** महर्षि दयानंद विद्यापीठ में 23 मई से आठ दिवसीय शिक्षक विकास कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का प्रारम्भ प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता महेश चंद्र पंत (पूर्व निदेशक शिक्षा विभाग उत्तराखंड) वरिष्ठ शिक्षाविद् एनआइइपीए, कुलाधिपति एनआइओएस) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्या डॉक्टर सीमा सेठी और प्राइमरी विंग की प्रधानाचार्या कोमल त्यागी द्वारा पुष्पगुच्छ एवं उप प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद शर्मा द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। विद्यालय संरक्षक बालेश्वर त्यागी ने मुख्य अतिथि को विद्यालय आगमन हेतु धन्यवाद दिया। श्री त्यागी ने कहा कि अच्छा करने के लिए अच्छाई को देखना, सुनना और उसका अनुकरण करना आवश्यक है। मुख्य वक्ता ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 को अवश्य पढ़ें। आज शिक्षक के सामने चुनौतियाँ अधिक हैं। बच्चा सब कुछ जानता है। शिक्षक को उसके सपोर्ट सिस्टम के रूप में कार्य करना है। आज शिक्षक को अपने दृष्टिकोण को बदलना है। एक दिन में यह सब संभव नहीं होगा परंतु एक दिन अवश्य होगा। चुनौतियों से ही जीवन में विकास संभव होता है। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में हिंदी विषय के शिक्षण हेतु आदर्श शिक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानाचार्या द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया गया।

# संचालित योजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी हीरालाल ने किया स्थलीय निरीक्षण

## निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें सम्बंधित विभाग : नोडल अधिकारी हीरालाल







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** मुख्य सचिव उ०प्र० शासन के द्वारा जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल से नल योजना, गौ० आश्रय स्थल एवं रू० 50 करोड़ से अधिक लागत की 02 परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु डॉ० हीरा लाल, आयुक्त एवं निबधन सहकारी समितिया उ०प्र० को नामित नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। डॉ० हीरा लाल, आयुक्त एवं निबधन सहकारी समितियां उ०प्र० द्वारा दिनांकः 24-25/05/2025 को जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल से नल योजना, गौ० आश्रय स्थल एवं रू० 50 करोड़ से अधिक लागत की 02 परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु स्थानीय निरीक्षण किया गया। अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत गाजियाबाद सीवरेज योजना (करहैडा जोन) के निर्माण कार्यो का भौतिक सत्यापन हेतु निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरूण प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त योजना की कुल स्वीकृत लागत रू० 546.94 करोड (जीएसटी व सेन्टेज सहित) योजना के निर्माण हेतु मैसर्स खिलारी इन्फ्राटेक लिमिटेड, मुम्बई के साथ अनुबन्ध लागत रू० 390.60 करोड गठित किया गया है। अनुबन्ध के अनुसार योजना के कार्य प्रारम्भ की तिथि 11.12.2023 एवं कार्य पूर्ण किये जाने हेतु दिनांक 08.06.2026 निर्धारित है। योजना के अन्तर्गत 01 नग 68 एम०एल०डी० एस०टी०पी०, 03 नग आई०पी०एस०, 145 कि०मी० सीवर नेटवर्क तथा उक्त योजना से लगभग 67669 घरों को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति लगभग 55 प्रतिशत है। नोडल अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि कार्य स्थल पर योजना के समस्त विवरण का बडे साइज का साईन बोर्ड स्थापित किया जाये, जिस पर योजना से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों तथा फर्म का विवरण अंकित हो। उक्त के साथ ही योजना के निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित विभाग व कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर में पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन











हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन सत्र का आयोजन किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि मदन पाल, विशोक जी, महेश जी, शिव कुमार जी, प्रदीप जी, शुभम जी, प्रदीप जी, श्रीमती रश्मि गोयल, श्रीमती नीति एवं श्रीमती रूप ज्योति एवं आचार्य शिव कुमार शर्मा, श्रीमती वंदना, श्रीमती हिमानी आदि उपस्थित थे। सभी अधिकारी बंधुओ ने आचार्य भैया एवं आचार्य बहनों का दिल से आभार व्यक्त किया। समर कैंप में बच्चों ने काफी अच्छी प्रस्तुति दी। अधिकारी बंधुओ ने बच्चों की काफी प्रशंसा की। केवल 5 दिनों में बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा अच्छा प्रेजेंट किया। सभी बच्चों की अलग-अलग एक्टिविटी की प्रेजेंटेशन बहुत सुंदर और मन को छूने वाली थी। बच्चों ने जो जो क्रियात्मक कार्य किये वे इस प्रकार थे जूडो-कराटे, शतरंज, बैडमिंटन, फायरलेस कुकिंग, मेहंदी, कथक नृत्य, बिहू नृत्य, जुंबा, डांडिया, आर्ट एंड क्राफ्ट, ढोलक म्यूजिक, स्विमिंग सभी बच्चों में आज उत्साह देखने को मिला।

# भाजपा द्वारा अहिल्याबाई होलकर स्मृति अभियान के तहत विशेष प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अहिल्याबाई होलकर स्मृति अभियान के तहत एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, कैबिनेट मंत्री उ. प्र. सरकार सुनील शर्मा और महापौर सुनीता दयाल ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में अहिल्याबाई होलकर के जीवन और उपलब्धियों को दशार्या गया। इसमें उनके शासनकाल के दौरान महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, जल प्रबंधन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को प्रमुखता से दिखाया गया। साथ ही दहेज विरोधी कानून, विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सुधारों को भी प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में 'विकास भी विरासत भी' शीर्षक से एक विशेष पोस्टर लगाया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के अनावरण का चित्र प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। रेलवे स्टेशन के बाहर लगाई गई। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रदर्शनी में आए जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने भगवान शिव की पूजा कर समाज में जनहित के कार्यों को करने में अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। उनकी स्मृति में लगाई गई इस प्रदर्शनी के माध्यम से जनता को उनके जीवन से जुड़ी स्मृतियों से अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भारत देवों की भूमि है। किसी न किसी रूप में हम अपने शिव आराध्य को पूजित करते हुए उनके प्रति अपनी आस्था को दशार्ते हैं। अहिल्याबाई होल्कर एक बड़ी शिव भक्त थी। उन्होंने अपने जीवन काल में सर्वाधिक शिव मंदिरों के पुनरद्धार का कार्य किया। महापौर सुनीता दयाल ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने नई नेतृत्व सेवा और न्याय से सजी मराठा शक्ति की अनुपम गाथा को लिखने का काम किया।

# के. डी. बी. पब्लिक स्कूल में एसटीईएम शिक्षा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** शनिवार को के. डी. बी. पब्लिक स्कूल में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण एवं गणित) शिक्षा पर आधारित एक जिला स्तरीय विचार-विमर्श कार्यशाला (एसटीईएम-डीएलडी) का आयोजन किया गया। सात घंटे चली इस कार्यशाला में गाजियाबाद के सर्वश्रेष्ठ कुल 12 स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। यह इस प्रकार की पहली कार्यशाला थी, जिसने एसटीईएम शिक्षा को नई दिशा देने के लिए ठोस संवाद मंच प्रदान किया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में एसटीईएम शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण, सहयोग और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना रहा। कार्यशाला ने शिक्षकों को न केवल अपने अनुभव साझा करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें अन्य विद्यालयों की श्रेष्ठ शिक्षण विधियों को समझने और अपनाने का भी सुअवसर प्रदान किया। प्रशंसा पैनल में गरिमा त्यागी और अभय गोयल की विशेषज्ञता और अनुभव का कार्यशाला ने पूरा लाभ उठाया। इस कार्यशाला में शिक्षकों द्वारा चार प्रमुख विषयों पर केस पेपर प्रस्तुत किए गए, जिनमें शामिल थे झ सहायक एसटीईएम वातावरण, एसटीईएम और समुदाय के साथ जुड़ाव, एसटीईएम शिक्षा और सतत अभ्यास, तथा एसटीईएम आधारित हाथों-हाथ, व्यावहारिक शिक्षा। प्रत्येक केस पेपर में प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में एसटीईएम विषयों को पढ़ाने के दौरान अपनाई गई नवाचार शिक्षण रणनीतियों को साझा किया। कार्यक्रम से बात हुआ शिक्षक संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और तकनीकी कौशल विकसित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला में सहकर्मी शिक्षण, सह-निर्माण तथा ज्ञान साझा करने जैसी प्रक्रियाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। शिक्षकों ने एसटीईएम शिक्षा के प्रारंभिक एवं मध्य स्तर पर अपनाई जा सकने वाली व्यावहारिक गतिविधियों और परियोजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यशाला में मेजबान विद्यालय, के. डी. बी. पब्लिक स्कूल द्वारा तीन नवाचारपूर्ण केस प्रस्तुतियाँ की गई थीं, जिनमें विद्यालय द्वारा एसटीईएम शिक्षा को कक्षा में रोचक, व्यावहारिक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक बनाने के लिए अपनाई गई अनूठी विधियों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने भी एसटीईएम - डीएलडी कार्यशालाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला और इसे शैक्षिक नवाचार का सशक्त उपकरण बताया। विचार-विमर्श में भाग लेने वाले शिक्षकों ने एसटीईएम शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न मानकर, बल्कि उसे विद्यार्थियों की सोच, रचनात्मकता और समस्या- समाधान कौशल को विकसित करने के एक जरूरी साधन के रूप में देखने की आवश्यकता पर बल दिया। यह कार्यशाला विज्ञान प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच था, जहाँ शिक्षकों ने यह दिखाया कि उनके विद्यालय एसटीईएम शिक्षा के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए क्या-क्या अलग और नवाचारपूर्ण प्रयास हो रहे हैं। इस पहल से निश्चित ही गाजियाबाद जिले में एसटीईएम शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। इस कार्यशाला में दो उत्कृष्ट केस पेपर चुने ग, जिनमें के.डी.बी. पब्लिक स्कूल से शिक्षिका प्राची द्वारा प्रस्तुत 'एसटीईएम और समुदाय से जुड़ाव' तथा इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल की श्वेता कक्कड़ द्वारा प्रस्तुत 'एसटीईएम में प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक शिक्षण'। दोनों केस पेपर एसटीईएम शिक्षा में नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण को दशार्ते हैं। प्रधानाचार्या निवेदिता राणा ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं समय-समय पर होती रहनी चाहिए जिससे शिक्षकों का जोश और उत्साह बढ़ता रहे। इसके साथ उन्होंने गाजियाबाद के सभी प्रधानाचार्यो का हार्दिक आभार अभिव्यक्त किया जिन्होंने अपने शिक्षकों को नवाचार प्रस्तुति के लिए सहयोग दिया।

# कैबिनेट मंत्री ने मन की बात सुन देखी प्रदर्शनी

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन








हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा भारत की महान नारी शासिका, प्रजावत्सला धर्मपरायण नेता लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर गाजियाबाद के पुराना रेलवे स्टेशन परिसर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुश्री सुनीता दयाल एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। प्रदर्शनी स्थल को रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर इस प्रकार सजाया गया कि वहाँ से गुजरने वाले नागरिक और यात्री सहज रूप से इस प्रेरणास्रोत प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकें। यह प्रदर्शनी 24 घंटे (प्रातः 10 बजे से अगले दिन प्रातः 10 बजे तक) लगातार जारी रही। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन, प्रशासनिक योगदान, धार्मिक आस्था और नारी नेतृत्व की अद्वितीय झलक



प्रस्तुत करती लगभग 50 चित्रों को कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया। प्रमुख आकर्षण और विशेषताओ में नारी नेतृत्व, सेवा और न्याय से सजी मराठा शक्ति की अनुपम गाथा-इस उद्घोष के साथ प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। मल्हारराव होल्कर एवं होल्कर वंश के ऐतिहासिक योगदान को चित्रों में जीवंत रूप से दशार्या गया। अहिल्याबाई द्वारा किए गए न्यायपरक शासन, सामाजिक सेवा, प्रजाहितकारी नीतियाँ और धार्मिक संरचनाओं के निर्माण को विस्तृत रूप में दशार्या गया। महेश्वर को राजधानी बनाना और नर्मदा तट को सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण सहित काशी, अयोध्या, गया, द्वारका, बद्रीनाथ आदि तीर्थस्थलों पर धार्मिक कार्य। श्रावण मास, सत्संग, यज्ञ आदि धार्मिक आयोजनों में जनसहभागिता।

एक विशाल चित्र पर श्रद्धांजलि स्थल भी स्थापित किया गया, जहाँ आगंतुकों ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। विशेष आयोजन मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण : प्रदर्शनी स्थल पर विशेष स्क्रीन व्यवस्था की गई, जहाँ उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, आम नागरिकों और छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा, और लोकमाता अहिल्याबाई के प्रेरणादायक जीवन पर दिए गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना और सराहा। यह आयोजन सामाजिक चेतना से गहरे जुड़ने का प्रेरणादायक क्षण बन गया।

मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी विलक्षण शासिका थीं जिन्होंने अपने संकल्प, न्याय और सेवा भावना से शासन को मानव कल्याण का माध्यम बना दिया। आज उनकी जयंती पर आयोजित यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ियों को एक प्रबल प्रेरणा प्रदान करेगी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी नेतृत्व, संस्कृति और सेवा की त्रिमूर्ति है। उनकी स्मृति में आयोजित यह चित्र प्रदर्शनी न केवल इतिहास को सहेजने का प्रयास है, बल्कि समाज को दिशा देने वाली भावना का भी प्रतीक है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणा है। उनका न्याय, सेवा और धर्म के प्रति समर्पण भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इस चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से हम नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने में सफल हुए हैं। साथ ही मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का अवसर मिला। इस आयोजन में विशिष्ट रूप से बलदेव राज शर्मा, अशोक मोंगा, विजय मोहन, सरदार एस.पी. सिंह, राजेश्वर प्रसाद, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौधरी, पूनम कौशिक, मोनिका पंडिता, साक्षी नारंग, प्रीति चंद्रा, अमृता सिंह, ऋचा भदौरिया, अनीता शर्मा, डॉक्टर ओ.पी. अग्रवाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने की उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व सांसद राकेश सिंह व केसी रामामूर्ति से शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली में उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर कई विषयों पर राजनीतिक चर्चा की। साथ ही भाजपा के प्रखर वक्ता एवं पूर्व सांसद राकेश सिन्हा के दिल्ली स्थित आवास पर जाकर पूर्व पुलिस कमिश्नर व सांसद केसी रामामूर्ति से शिष्टाचार भेंट कर देश के वर्तमान हालात पर चर्चा की। डॉ. अनिल अग्रवाल के मीडिया सलाहकार एवं खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल ने भी सभी गणमान्यों से भेंट कर आशीर्वाद लिया।

# पिछले चार दिनों से बिजली न मिलने से नाराज किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ की पंचायत

**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** नगर पंचायत निवाड़ी व उसके आसपास क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों में पिछले 4 दिनों से विद्युत सप्लाई न होने से नाराज किसानों ने निवाड़ी में सुबोध त्यागी के मकान पर पंचायत कर बनाई बिजली कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की रूप रेखा। रविवार को नगर पंचायत कस्बा निवाड़ी निवासी सुबोद त्यागी के मकान पर क्षेत्र के करीब एक दर्जन से ज्यादा गांवो से आये मुख्य लोगों ने पिछले 4 दिनों से बिजली न आने की शिकायत करते हुए से भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में एक पंचायत की ।जिसका संचालन भाकियू नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने किया पंचायत में किसानों ने बताया कि करीब 4 दिन से निवाड़ी, पतला, पैंगा, सुहाना भनेड़ा, पुठरी, उजैडा, नगला, सिखेड़ा, सालेनगर कुसैडी, लोहडा सहित लगभग एक दर्जन गांवों से भी ज्यादा के खेतों की विद्युत सप्लाई बंद रहने से किसानों



में बड़ा रोष व्याप्त है। नाराज किसानों का कहना था अगर जल्द से जल्द निवाड़ी क्षेत्र के किसानों के लिए विद्युत आपूर्ति नहीं की गई तो जल्द ही बिजली घर पर क्षेत्र के किसान भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पंचायत के दौरान बिजली न मिलने से प्रभावित सभी गांवों के किसानों से धरना प्रदर्शन को लेकर संपर्क करने के लिए सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन भी किया गया। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, भाकियू के नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद जगदीश कुमार, अमित गिरी, राज प्रकाश त्यागी, जय भगवान फौजी, सुबोध त्यागी, निक्कू त्यागी, कपिल गर्ग, सचिन ठेकेदार, गोल्डी त्यागी, राजकुमार त्यागी, सचिन त्यागी, अंकित त्यागी, पूर्व सभासद नरेश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# अचानक तूफान से आम, लीची व नाशपाती के बागों में लगभग 80% की फसल खत्म

## चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के नेतृत्व में रालोद का प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर से मिला

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** 21 तारीख शाम को आए अचानक तूफान से आम लीची व नाशपाती के बागों में लगभग 80% की फसल खत्म हो गई है। आम व लीची का किसान बबार्दी के कगार पर है इसी समस्या को लेकर रालोद का एक प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर से चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल के नेतृत्व में मिला और इस भारी नुकसान वाली समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने तत्काल इसका सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कहा इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह



बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, रणबीर दहिया प्रदेश सचिव, पतला चेयरमैन देवेंद्र सिंह, युवा रालोद के अध्यक्ष जयदीप सिंह, युवा रालोद के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी, आजाद सभासद व राजेन्द्र सिंह आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# वेलफेयर फोरम ने बाल विद्या भवन में साइबर क्राइम और सुरक्षा जागरूकता पर आयोजित की कार्यशाला

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** वसुंधरा क्षेत्र के सेक्टर 11 में स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को साइबर क्राइम और सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूक करना और सुरक्षित डिजिटल वातावरण के बारे में बताना था। साइबर सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी ने कार्यशाला के दौरान छात्रों और शिक्षकों को साइबर क्राइम की विभिन्न प्रकारों तथा सुरक्षा के तरीकों के बारे में जानकारी दी। साइबर क्राइम के अध्ययन के तहत छात्रों को साइबर अपराधों की पहचान करने के लिए कैसे तैयार रहना चाहिए और उनकी जागरूकता बढ़ाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई । पुलिस ने छात्रों व शिक्षकों के साथ विद्यालय के कर्मचारियों को भी डिजिटल वॉरियर्स बनने का प्रशिक्षण देकर पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी अंकुर कुमार ने छात्रों को बताया कि साइबर क्राइम से





बचने के लिए किसी भी वेबसाइट पर अपनी निजी जानकारी शेयर ना करें। जहां तक हो सके अपनी निजी जानकारी को पब्लिश करने से बचें। किसी भी सॉफ्टवेयर या ऐप को डाउनलोड करने से पहले अच्छे से सुनिश्चित कर ले कि आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे हैं। कोई भी ऐसी स्कीम जिसमें पैसे जीतने और पैसे मिलने की बात हो तो लालच में आकर उस पर बिल्कुल भी विश्वास ना करें। मास्टर वीरेश चंद्र सिंह, निदेशक एजुकेशन अकादमी द्वारा छात्र छात्राओं को अपने माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी आदि को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करने का अनुरोध किया गया इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर पुनीत शर्मा, संजय शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी, अरुण श्रीवास्तव, कार्यकारी सदस्य तथा संस्थापक अध्यक्ष, वेलफेयर फोरम ऑफ आरडब्लूए, गाजियाबाद मास्टर वीरेश चंद्र सिंह मौजूद रहे। छात्रों के संदेह प्रश्नों को भी हल किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिदत्त शर्मा ने कार्यशाला के महत्व को समझकर उसे अपने जीवन में अमल करने की प्रेरणा दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं अध्यापिकाएं प्रधानाचार्य ऑफिस स्टाफ आदि सम्मिलित हुए।

# श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के नेतृत्व में देश भर से साधु-संतों का उज्जैन में आगमन हुआ: श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

## दातार अखाड़े में कोरोना मुक्त विश्व की कामना के लिए रूद्रचंडी महायज्ञ प्रारंभ हुआ

हिन्द आत्मा संवाददाता

**उज्जैन।** जूना अखाड़े के सभी पदाधिकारियों का अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के नेतृत्व में उज्जैन आगमन हो गया। उज्जैन में वर्ष 2028 में महाकुंभ होना है, उससे पूर्व 4 व 5 मई को गंगा दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारी व साधु-संतों का उज्जैन आगमन हुआ है। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के निदेर्शानुसार दातार अखाड़े के अग्निवास में रविवार से रूद्र चंडी महायज्ञ भी शुरू हो गया। 12 दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ में पहले दिन सभी पदाधिकारियों ने कोरोना मुक्त भारत व कोरोना मुक्त विश्व तथा विश्व कल्याण की कामना से आहुति दी। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि कोरोना एक बार फिर से दस्तक दे रहा है, ऐसे में हम सभी को भगवान का नाम लेते हुए सर्तकता बरतनी है। भगवान व मां की कृपा से जल्द ही भारत समेत पूरा विश्व




कोरोना मुक्त होगा। अभिजीत मुहूर्त में गुरू मूर्तियों की समाधियों का पूजन, मंगलनाथ पूजन, कालभैरव पूजन व दत्त अखाडे में दत्त भगवान का पूजन किया गया। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत उमाशंकर भारती महाराज, वर्तमान सभापति श्री महंत मोहन भारती महाराज, सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज जूना अखाड़ा के महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, महामंत्री श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, सचिव श्रीमहंत कंचन गिरि महाराज, सचिव श्रीमहंत रामेश्वरानंद गिरि महाराज, सचिव श्रीमहंत मृत्युंजय पुरी महाराज, सचिव परमात्मानंद गिरि महाराज, सचिव देवानंद गिरि महाराज, सचिव ओम भारती महाराज, दिल्ली संत महामंडल के कोषाध्यक्ष महंत धीरेंद्र पुरी महाराज, थानापति महंत जनक पुरी महाराज, थानापति आदित्य गिरि महाराज, थानापति आदित्य गिरि महाराज, श्रीमहंत आनंद गिरि महाराज पंजाब, रमता पंच के श्रीमहंत आनंद पुरी महाराज, स्वामी समानंद गिरि महाराज, अखाडा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सौलंकी, दातार अखाडे की देखरेख कर रहे संदीप पत्रकार राहुल कटियार आदि ने महायज्ञ में आहुति दी।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि पीर महंत सुंदर पुरी महाराज के आशीर्वाद से रूद्र चंडी महायज्ञ रविवार से शुरू हुआ तो 5 मई तक चलेगा और रूद्रचंडी महायज्ञ जूना अखाडे के आचार्य प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में 21 ब्राहमण करा रहे हैं। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के शिष्य जगतगुरू वीर भद्रानंद गिरी महाराज के नेतृत्व में शिप्रा नदी का पूजन हुआ और हरिहर घाट से दातार अखाडे के लिए सभी पदाधिकारी कलश में जल लेकर दातार अखाडा पहुंचे जहां पूजन के बाद शतचंडी रूद्र महायज्ञ प्रारंभ हुआ।

# एनटीपीसी दादरी में विधायक तेजपाल सिंह नागर का दौरा



हिन्द आत्मा संवाददाता

**दादरी।** एनटीपीसी दादरी परिसर में दादरी क्षेत्र के विधायक तेजपाल सिंह नागर ने दौरा किया और परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक के. चंद्रमौलि से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान के संभावित अवसरों को लेकर सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। इस बैठक में विल्सन अब्राहम, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे। विधायक श्री नागर ने एनटीपीसी द्वारा क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना की और आने वाले समय में और अधिक विकासात्मक प्रयासों पर बल दिया। भेंट के दौरान विधायक ने के. चंद्रमौलि को अंगवस्त्र भी भेंट किया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार

प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज को लेकर कई वर्ष से अंगुलियां उठ रही हैं। विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत उसकी अतार्किक छापेमारियों पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। विपक्ष लगातार कहता रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के इशारों और बदले की भावना से कार्रवाई करता और लोगों को परेशान करने की नीयत से सीखचों के पीछे डाल देता है। मगर शुरू में अदालत ने ईडी की कार्रवाइयों में दखल देने या उन पर रोक लगाने से इसलिए इनकार कर दिया था कि ऐसे मामले भ्रष्टाचार के अलावा आतंकवादी संगठनों को लाभ पहुंचाने से भी जुड़े हो सकते हैं। मगर फिर देखा गया कि निदेशालय अनुचित तरीके से और अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों को गिरफ्तार और उन्हें बेवजह प्रताड़ित कर रहा है, तो अदालत ने उसे मयार्दा का पाठ पढ़ाया था। फिर भी ईडी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। तब अदालत ने पूछा कि आपके आरोप-पत्रों की तुलना में दोषसिद्धि इतनी कम क्यों है। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में उसे निर्देश दिया कि बिना पुख्ता सबूतों के किसी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं किए जाने चाहिए। मगर उसका भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सारी हदें लांघ रहा है। यह संघीय ढांचे का उल्लंघन है।

दरअसल, निदेशालय शराब की दुकानों को लाइसेंस जारी करने में अनियमितताओं के आरोप में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम यानी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच कर रहा था। इस पर टीएएसएमएसी ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। अदालत ने उस जांच पर रोक लगा दी है। यह पहला मौका है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने किसी जांच पर ही रोक लगा दी है। वह जांच के बाद आरोपपत्र पर बहस के दौरान निदेशालय की खामियों पर फटकार तो अनेक बार लगा चुका है, पर जांच पर रोक किसी भी जांच एजंसी के लिए बड़ी बात होनी चाहिए। हालांकि इससे भी उस पर कितना असर पड़ेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, जांच एजंसियां सरकार की इच्छाओं के अनुरूप कार्रवाई करती देखी जाने लगी हैं। वे एक तरह से सरकार के लिए अपने विपक्षियों पर शिकंजा कसने का औजार बन चुकी हैं। यह अकारण नहीं है कि ईडी के निदेशक को बार-बार सेवा विस्तार दिया जाता रहा और उस पर भी सर्वोच्च न्यायालय को पूछना पड़ा कि क्या आपको इस पद के लिए कोई और योग्य व्यक्ति नहीं मिल रहा।

तथ्य यह है कि ईडी ने पिछले दस-ग्यारह वर्षों में चार हजार से अधिक मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए, मगर उनमें से दोषसिद्धि एक फीसद से भी कम हो पाई है। फिर, ज्यादातर मामले केवल विपक्षी दलों के नेताओं या उन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हुए, जो सरकार के अनुकूल नहीं थे। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के मकसद से ईडी की कार्रवाइयां की गईं। दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री इसके उदाहरण हैं। कई नेताओं को बिना पुख्ता सबूत के जेल भेज दिया गया और लंबे समय तक उनकी जमानत नहीं होने दी गई। इन प्रकरणों से ईडी, आयकर विभाग और सीबीआइ जैसी जांच एजंसियों की साख बुरी तरह प्रभावित हुई है। ये एजंसियां जब तक सकारी दबाव से मुक्त होकर स्वायत्त तरीके से काम नहीं करेंगी, तब तक इनकी विश्वसनीयता बहाल नहीं हो सकती।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| **सम्पादक** | : | **अशोक कौशिक** |
| **समाचार सम्पादक** | : | **राकेश शर्मा** |
| **कानूनी सलाहकार** | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

ललित गर्ग



विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे? न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक बड़ी साजिश को दशार्ता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दशार्ता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरूआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरूआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है। राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

# युवक पर चाकू व चापड़ से हमला, दो घायल

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र के लोकप्रिय विहार निवासी जुनैद और उनके भाई जावेद पर एक माह पुराने विवाद में समझौता न करने पर उन्हीं के पड़ोसियों ने जानलेवा हमला कर दिया। झगड़े में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल जावेद की तहरीर पर उनके पड़ोसी साहिल, उसके पिता शौकीन, चाचा इंतजार और दादा अब्बास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। विवाद मई माह में दोनों पक्षों के बीच हुए झगड़े में समझौता न करने पर हुआ था। दर्ज मुकदमे में जावेद ने बताया कि दो अप्रैल को उनके भाई जुनैद से पड़ोसी साहिल ने किसी बात को लेकर गाली-गलौज व हाथापाई की थी। मामले में उनके भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने चार अप्रैल को मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद आरोपी पक्ष ने उनपर समझौते का दबाव बनाना शुरू कर दिया। ऐसा न करने पर मारने की धमकी दे डाली। आरोप है कि 23 मई को जुनैद घर से काम पर जाने के लिए निकला था। रास्ते में आरोपी साहिल, उसके पिता, शौकीन, चाचा इंतजार और दादा अब्बास व दो महिलाओं ने उसे रोका और चाकू, चापड़, तलवार व लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर वह खुद और उनकी मां कमरजहां बाहर निकले। बताया कि हमले में जुनैद के हाथ में गंभीर चोट आई है। वहीं उनके सिर में धारदार हथियार लगने से आठ टांके आए हैं। उनके भाई को गंभीर हालत के चलते दिल्ली स्थित अस्पताल में रेफर किया गया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में दो अज्ञात महिलाओं और तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी साहिब और शौकीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**Name Change**

I HAVE changed my name from Shaheena to Shahin W/o Shaukeen Chaudhary R/o H.No.182, Pasaunda, Ghaziabad 201005 U.P. forever.

**Name Change**

I HAVE changed my name from Shokeen Chaudhary to Shaukeen Chaudhary S/o Abdul R/o H.No. 182, Pasaunda, Ghaziabad 201005 U.P. forever.

**Name Change**

I HAVE changed my name from Tarun Rai Agarwal to Tarun Rai S/o Vinit Rai Agarwal, R/o J-22, Govind Puram, Ghaziabad, UP, for all future purposes.

**Name Change**

I, TARUN Rai S/o Vinit Rai Agarwal, R/o J-22, Govind Puram, Ghaziabad, UP, have changed my son's name from Nikunj to Nikunj Rai Agarwal for all future purposes.

**Name Change**

I, TARUN Rai S/o Vinit Rai Agarwal, R/o J-22, Govind Puram, Ghaziabad, UP, have changed my daughter's name from Chetali to Kashvi Agarwal for all future purposes.

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद
विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र० सं० | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं०/योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती ज्ञानवती देवी पत्नी स्व. श्री जय प्रकाश गोयल | सेकिण्ड बी-8, नेहरूनगर | श्री राकेश कुमार गोयल, श्री विपिन गोयल, श्री पवन कुमार गोयल व श्री संजय गोयल पुत्रगण स्व. श्री जय प्रकाश गोयल | सेकिण्ड बी-8, नेहरूनगर, गाजियाबाद 9810381798 | आवंटी श्रीमती ज्ञानवती देवी व उनके पति श्री जय प्रकाश गोयल का देहान्त 09.02.2018 व 03.03. 1985 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

## सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है। भवन संख्या- एस.ई.- 169, शास्त्री नगर, गाजियाबाद का आवंटन श्री सीताराम चोपड़ा पुत्र श्री लालगनेश दास के पक्ष में किया गया था, आवंटी श्री सीताराम चोपड़ा की दिनांक 07.05.1997 को मृत्यु हो चुकी है, आवंटी द्वारा अपनी मृत्यु से पूर्व प्रश्नगत भवन के बाबत श्री अमर जीत सिंह (सरदार अमरजीत सिंह) पुत्र श्री धर्म सिंह के पक्ष में दिनांक 13.02.1989 को पंजीकृत वसीयत निष्पादित की गयी है। उक्त पंजीकृत वसीयत के आधार पर श्री अमर जीत सिंह (सरदार अमरजीत सिंह) पुत्र श्री धर्मसिंह द्वारा नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी/ पट्टाधारक/ | भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/ पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री सीताराम चोपड़ा पुत्र श्री लालगनेश दास | एस.ई.-169 | शास्त्रीनगर | श्री अमरजीत सिंह (सरदार अमरजीत सिंह) पुत्र श्री धर्म सिंह | एस.ई.-169, शास्त्रीनगर नेर्यू वर्ल्ड विद्यालय के पास, शास्त्रीनगर, गाजयाबाद 9818511188 | कालम संख्या- 2 के आवंटी श्री सीताराम चोपड़ा की मृत्यु उपरान्त वसीयत प्राप्तकर्ता का नाम दर्ज किये जाने हेतु | पट्टाधृत सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन के नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नह किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मिलक रावली विकास खण्ड मुरादनगर गाजियाबाद।

पत्रॉक /सचिव/निविदा/2025–26 दिनांक 22/05/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, मुख्यमन्त्री प्रोत्साहन पुरुस्कार धनराशि के अन्तर्गत निम्न कार्यो के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा दिनांक 02/06/2025 की दोपहर 02.00 बजे तक आमत्रित की जाती हैं। निविदा आवेदकों की उपस्थिति में उसी दिन दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत मिलक रावली विकास खण्ड मुरादनगर गाजियाबाद से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत | अरनेष्ट मनी | निविदा मुल्य | 18प्रतिषत जी0एस0टी0 | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गॉव के मैन स्टैण्ड पर हाई मास्क लाईट की स्थापना कार्य। | 01 नग | 223953. 00 | 4479. 00 | 200. 00 | 36.00 | 1माह |
| 2. | प्राथमिक विधालय पर हाई मास्क लाईट की स्थापना कार्य। | 01 नग | 223953. 00 | 4479. 00 | 200. 00 | 36.00 | 1माह |
| 3. | मूले पण्डित जी के घर के सामने हाई मास्क लाईट की स्थापना कार्य। | 01 नग | 223953. 00 | 4479. 00 | 200. 00 | 36.00 | 1माह |
| 4. | सैन्सरपाल प्रधान जी के घर के बाहर मैन रास्ते पर वाटर कूलर की स्थापना | 01 नग | 166868. 00 | 3337. 00 | 100. 00 | 18.00 | 1 माह |
| 5. | प्राचीन शिव मन्दिर पर वाटर कूलर की स्थापना | 01 नग | 166868. 00 | 3337. 00 | 100. 00 | 18.00 | 1 माह |
| 6. | प्राथमिक विधालय में वाटर कूलर की स्थापना | 01 नग | 166868. 00 | 3337. 00 | 100. 00 | 18.00 | 1 माह |
| 7. | टंकी के पास से आर0आर0सी सैन्टर तक मिटट्टी भराव व ईन्टर लोकिंग निर्माण कार्य | 48.20 मी0 | 371102. 00 | 7422. 00 | 300. 00 | 54.00 | 1 माह |
| 8. | रविन्द्र के मकान से फौजी के घेर तक ईन्टर लोकिंग निर्माण कार्य | 30.00 मी0 | 94393. 00 | 1887. 00 | 100. 00 | 18.00 | 1 माह |
| 9. | गॉव के बाहर वाले मन्दिर पर रिबोर कार्य | 01 नग | 66221. 00 | 1324. 00 | 100. 00 | 18.00 | 1 माह |
| 10. | समस्त ग्राम पंचायत में नारे लेखन व पैंन्टिग कार्य | 5571 वर्ग फुट | 295821. 00 | 5916. 00 | 200. 00 | 36.00 | 1 माह |

नियम व शर्ते :–

1–कार्ययोजना के मार्ग निर्देशों के अनुरूप कार्य कराना अनिवार्य हैं।
2–कार्य की व्यापक जानकारी जनता एवं मा0जनप्रतिनिधिगण को दी जायें।
3–कार्य से पूर्व, मध्य एवं बाद में कार्यस्थल की फोटोग्राफ कराई जाये।
4–स्थल पर पूर्ण सूचना के साथ साईन बोर्ड लगाई जाये।
5–कार्य लोक निर्माण विभाग की विशिष्टियों के आधर पर स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार कराया जाये।
6–कार्य कन्सलटिंग ईन्ज0 विकास खण्ड मुरादनगर के तकनीकी निर्देशन के अनुसार किया जाये।

सचिव
ग्राम पंचायत मिलक रावली
विकास खण्ड मुरादनगर।

# योग सेतु, योग, संवाद और साधना का अद्भुत संगम

## इंडियन योग एसोसिएशन और परमार्थ निकेतन की साझा पहल योग सेतु











हिन्द आत्मा संवाददाता

**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन और भारतीय योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में परमार्थ निकेतन में आयोजित योग सेतु कार्यक्रम ने आज योग, संवाद और साधना के अद्भुत मिलन का प्रतीक स्थापित किया। योग के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्ष के दर्शन के साथ एकता, सहयोग और सामूहिक संकल्प के दर्शन आज इस कार्यक्रम के माध्यम से हुये। योग सेतु अर्थात एक ऐसा सेतु, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर व्यक्ति और समाज को जोड़ता है। इस पहल के माध्यम से भारतीय योग संघ और परमार्थ निकेतन ने योग को मात्र एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की संपूर्ण दर्शन के रूप में प्रस्तुत किया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती के पावन सान्निध्य में के.सी. जैन जी, कोषाध्यक्ष, आईवाईए, एस.पी. मिश्रा, सीईओए आईवाईए, भारतीय योग संघ के गवर्निंग काउंसिल सदस्यों एवं विशिष्ट विभूतियों ने दीप प्रज्वलित कर इस योग सेतु समारोह का उद्घाटन किया।

**स्वामी चिदानन्द सरस्वती के पावन सान्निध्य में संकल्प में एकता और योग में प्रवाह के दर्शन**

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष एवं भारतीय योग संघ के गवर्निंग काउंसिल सदस्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज ने योग सेतु कार्यक्रम में अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि योग केवल आसन नहीं, आत्मा से आत्मा की यात्रा है। यह स्वयं से, समाज से और समग्र विश्व से जुड़ने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन में आत्मसात करें और योग के सेतु बनें, ऐसे सेतु जो शांति, करुणा और एकता को जोड़ें। स्वामी जी ने आगे कहा कि योग सेतु इस बात का प्रतीक है कि योग केवल जोड़ने वाला अभ्यास नहीं, बल्कि एक ऐसा दिव्य प्रवाह है जो जीवन के हर पहलू में सौंदर्य और संतुलन लाता है। यह सेतु हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को वर्तमान और भविष्य के लिए सशक्त बनाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुये कहा कि योग को जीवनशैली बनाएं और इसके माध्यम से अपने भीतर की दिव्यता को पहचानें, क्योंकि अंततः सच्चा योग आत्मा की एकता और समरसता की ओर ले जाता है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने सभी से आह्वान किया कि आइए, योग को केवल योग दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने जीवन की शैली बनाएं। स्वयं के भीतर के प्रकाश को पहचानें और दूसरों को भी उस प्रकाश से जोड़ें। जब हम योग के सेतु बनते हैं, तभी सच्चे अर्थों में समाज, संस्कृति और सृष्टि के साथ हमारा समन्वय स्थापित होता है के.सी. जैन, कोषाध्यक्ष, आईवाईए ने योग संघ की वर्तमान गतिविधियों, योग के प्रचार-प्रसार के लिए गठित नई योजनाओं तथा योग को मानकीकृत करने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार योग को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित कर युवाओं और सभी वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है।

एस.पी. मिश्रा, सीईओए आईवाईए ने योग प्रमाणन और गुणवत्ता नियंत्रण के विषय पर विस्तार से चर्चा की। उनका मानना है कि योग के अभ्यास और शिक्षण के लिए प्रमाणित मानक स्थापित करना आवश्यक है, जिससे योग का सही स्वरूप सभी तक पहुंचे और वह अधिक प्रभावशाली बन सके। कार्यक्रम में एक खुला मंच भी रखा गया, जहां उपस्थित योग साधकों, शिक्षकों और योग प्रेमियों ने अपने विचार साझा किए, प्रश्न पूछे और संवाद स्थापित किया। इस ओपन फोरम में अनेक ऐसे मुद्दे उठाए गए जो योग के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की चुनौतियों से जुड़े थे। इस संवाद सत्र ने सभी के मन में उत्साह और जिज्ञासा जगाई। योग क्विज कार्यक्रम ने युवाओं को योग के प्रति जागरूक किया, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना और सीखने की प्रेरणा भी उत्पन्न की। विजेताओं को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने गंगा के पावन तट पर परमार्थ गंगा आरती में भाग लिया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान ने सभी के मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। स्वामी जी ने सभी विशिष्ट अतिथियों को रूद्राक्ष का दिव्य पौधा भेंट किया। इस अवसर पर के.सी. जैन, कोषाध्यक्ष, आईवाईए, एस.पी. मिश्रा, सीईओए आईवाईए योगाचार्य गंगा नन्दिनी, आचार्य दीपक शर्मा, परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमार और आईवाईए के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में कोरी समाज का भव्य सम्मेलन का आयोजन, समाज ने भाजपा को दिया पूर्ण समर्थन



हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाजियाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में कोरी समाज द्वारा आयोजित भव्य सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य कोरी/कोली/जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही प्रशासनिक अड़चनों के विरोध में आवाज उठाना और समाज के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारों पर मंथन करना था। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा अपना संदेश देने के लिए भेजे गए बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता में हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी उसके अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया। कोरी समाज की बदौलत ही समाज बेहतर से बेहतर परिवेश में रहता है या यूं कहें इन्होंने ही हम सबको पहनना सिखाया।

महापौर सुनीता दयाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि गाजियाबाद नगर निगम कोरी समाज की सेवा और विकास हेतु सदैव तत्पर रहेगा। समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयासों को मैं सलाम करती हूं। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा सदैव सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है और कोरी समाज की मांगों को पार्टी मंच पर पूरी ताकत से रखा जाएगा। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता हमें प्रेरणा देती है। मैं सदैव समाज के साथ खड़ा हूं और संसद में समाज की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाऊंगा। जाति प्रमाण पत्र सहित सभी मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार से संवाद किया जाएगा। भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा ह्लयह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रमाण है। सरकार समाज की हर उचित मांग को गंभीरता से ले रही है और हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने कहा कि आज हमने मंच से एक मांग पत्र सौंपा है जिसमें जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को दूर करने, आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को समाप्त करने, तथा युवाओं को सरकारी नौकरियों में उचित भागीदारी देने की मांग की गई है। इसके साथ ही हम भाजपा को कोरी समाज की ओर से पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हैं। सम्मेलन में अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें महापौर सुनीता दयाल, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर आयोजक मंडल से उपाध्यक्ष चम्पा माहौर, कृपाल सिंह (पूर्व एजीएम), किशन सिंह माहौर, सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी, कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार (पूर्व डीजीएम), मंत्री राकेश कोरी, विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी सहित अन्य समाजसेवी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रालोद महानगर अध्यक्ष राखी सिन्धु के नेतृत्व में महिलाओं की मीटिंग का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष राखी सिन्धु के नेतृत्व में महिलाओं की एक मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य मनीष अहलावत ने बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी से जोड़ना का आवाहन किया। इस मौके पर गरीब महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन भी वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की व कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष राखी सिन्धु ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, महिला आयोग के सदस्य मनीषा अहलावत, जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, राखी सिन्धु, राष्ट्रीय महासचिव पूनम गर्ग, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, सत्येंद्र तोमर, भावना यादव, दीपमाला, सीमा चौधरी, राशि उपाध्याय, कौशल चौधरी, कल्पना चौधरी, बेबी चौधरी, बबीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, बबीता, स्नेहा गुप्ता, गीतू कुमारी, सरला देवी, बबीता देवी, कमलेश रानी, गुड्डू हसनपुर, दीपू शर्मा, सुशील सैनी, गौरव करोठिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# नींव द स्कूल द्वारा छात्र –छात्राओं के लिए विशेष समर कैंप का किया गया आयोजन





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** सीकरी कला स्थित नींव द स्कूल मे छात्र-छात्राओं के लिए आठ दिवसीय विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियों की तैयारीयां की गई जिनमें भाग लेकर छात्र पहले ही दिन बड़े खुश दिखाई दिए। राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ग्रुप स्थित नीव द स्कूल में आयोजित आठ दिवसीय समर कैंप के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों में ताइक्वांडो, फायरलैस कुकिंग, स्केटिंग, जुंबा, फेस पेंटिंग, डांस एवं योगा आदि मैं स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी कला एवं योग्यता का भरपूर प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक अमित अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की क्रियाएं बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कैंप के आखिरी दिन सभी बच्चों के लिए फूड पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के जमकर मजे लिए। कार्यक्रम के अंतमें छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रबंधक अमित अग्रवाल एवं उप प्रधानाचार्य रोमी शर्मा को धन्यवाद प्रेषित किया। उप प्रधानाचार्य रोमी शर्मा एवं सभी अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी कला एवं प्रतिभा के लिए उनकी जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

# रालोद की महिला नेताओं ने जरूरतमंद महिलाओं को बांटी नि:शुल्क सिलाई मशीन



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय पर महिला आयोग सदस्य मनीषा अहलावत एवं रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की मौजूदगी में रालोद महानगर अध्यक्ष राखी सिन्धु के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। मेरठ रोड स्थित रालोद कार्यालय पर आयोजित इस महिला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी से जोड़ना का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान गरीब महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई मशीन भी वितरित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की तथा संचालन महानगर अध्यक्ष रांची सिन्धु ने सफलतापूर्वक किया। इस मौके पर मुख्य रूप से शामिल हुए रालोद नेताओं में जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, महिला आयोग की सदस्य मनीषा महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव पूनम गर्ग, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, भावना यादव, दीपमाला, सीमा चौधरी, राशि उपाध्याय, कौशल चौधरी, कल्पना चौधरी, बेबी चौधरी, बबीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, स्नेहा गुप्ता, गीता कुमारी, सरला देवी, बबीता देवी, रानी, गुड्डू हसनपुर, दीपू शर्मा, सुशील सैनी, गौरव करोठिया आदि लोग मौजूद रहे।

# खुशहाल पार्क कॉलोनी में मकान की छत गिरने से युवक की मौत



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के खुशहाल पार्क कॉलोनी में रविवार सुबह करीब 4:00 बजे तेज बारिश के चलते मकान की छत गिर गई। घर में सो रहे परिवार के चार सदस्य मलबे में दब गए। आसपास के लोगों ने मलबे से निकाल कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। खुशहाल पार्क कॉलोनी में शौकीन (30) पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। वह ट्रॉनिका सिटी स्थित फैक्टरी में इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। शनिवार रात वह परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहे थे। सुबह करीब 4:00 बजे तेज बारिश के चलते उनके मकान की छत गिर गई। छत गिरने से परिवार के चारों लोग मलबे में दब गए। आसपास के लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान शौकीन को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में शौकीन की पत्नी घायल हो गई है। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी मरीजों को वितरित की पोषण पोटली

हिन्द आत्मा संवाददाता





**नोएडा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा टीबी रोग को खत्म करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के इन प्रयासों में समाज सेवी संस्थाएं भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसी कड़ी में आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के तहत टीबी रोग उन्मूलन के लिए पोषाहार वितरित और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय गौतम बुद्ध नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वकृति पैमाने के आधार पर समाज के वंचित वर्ग के टीबी रोग से पीड़ित 25 बच्चों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस दौरान मुख्य रुप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डा. नरेंद्र कुमार, PDG ललित खन्ना, PDG जेके गौड, DTO डा.आर पी सिंह, अध्यक्ष आर सी दिल्ली नॉर्थ नीलू खन्ना, अर्चना मित्तल, नरोत्म मित्तल, विजय भूषण, अध्यक्ष दिल्ली लिगेसी रोटेरियन राजेश गोयल और सदस्य दिल्ली लिगेसी रोटेरियन अजय चौधरी उपस्थिति रहे।

आरएचएएम फाउंडेशन के चिकित्सा विशेषज्ञों ने बताया कि अगर दो हफ्ते से ज्यादा खांसी है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। डाक्टर की सलाह से ही दवा का पूरा कोर्स लें। मास्क पहनें या हर बार खांसने या छींकने से पहले मुंह को कपड़े से ढक कर रखें। मरीजों हवादार व रोशनी वाले कमरे में रहें। पौष्टिक खाना खाए, एक्सरसाइज व योग करे। बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, तंबाकू, शराब आदि से परहेज करें। भीड़-भाड़ वाली और गंदी जगहों पर जाने से बचें। साथ ही डॉक्टरों द्वारा उपचार के लिए उपलब्ध कराई गई दवाओं और प्रोटीन युक्त आहार को नियमित करें। जिससे से वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष धीरज भार्गव बताया कि फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के सकारात्म परिणाम आ रहे है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन टीबी रोग उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिसके चलते आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा गोद लिए गये बिसरख पीएचसी, दादरी पीएचसी, भंगेल पीएचसी और सूरजपुर पीएचसी पर टीबी रोग उन्मूलन के लिए पोषाहार वितरण और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शिविर के दौरान आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष धीरज भार्गव, डॉक्टर राकेश, संदीप अग्रवाल, मनीषा भार्गव, कोमल भार्गव, प्रतीक भार्गव, आभाष कंसल, रोहन शर्मा, अजय अग्रवाल, दयानंद शर्मा, रेखा गर्ग, मुकुल मित्तल, अश्वनी छाबड़ा, विनोद अग्रवाल, अवधेश कुमार, राजीव तनेजा, संजीव गर्ग, श्वेता बंसल और सुमन अग्रवाल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। आरएचएएम फाउंडेशन के इस अभियान में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद इंडस्ट्रियल टाउन, गाजियाबाद सनराईज, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, इंदिरापुरम परिवार, दिल्ली ईस्ट एंड, दिल्ली मयूर विहार, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद अशोक, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद विस्टा, गाजियाबाद ग्रेस, गाजियाबाद रिदम, मयूर विहार, सोनीपत मिड टाउन, दिल्ली लिगेसी द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

## पीएम ने की यूपी के रिकॉर्ड ब्रेकर खिलाड़ियों और हनी उद्यमियों की प्रशंसा

# मुख्यमंत्री योगी ने नई दिल्ली में सुनी पीएम के 'मन की बात'

- पीएम मोदी ने की यूपी में शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति की चर्चा, सीएम योगी ने बताया 'मधुमय अभियान'
- यूपी के तीन खिलाड़ियों कादिर खान, शेख जीशान और तुषार चौधरी ने अलग-अलग खेलों में तोड़ा है नेशनल रिकॉर्ड
- सैन्य पराक्रम और स्वदेशी हथियारों व तकनीक की सफलता ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को विश्व में फैलाया : योगी




**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल ही में बिहार में संपन्न हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों, बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पीएम ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे हनी उद्यमियों की भी प्रशंसा की। वहीं नई दिल्ली में एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम के इस कार्यक्रम को सुना। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर खेलो इंडिया के तीनों रिकॉर्ड ब्रेकर खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' का विजन निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। सीएम ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति की चर्चा पर भी अपने पोस्ट में इसे 'मधुमय अभियान' बताया। सीएम ने कहा कि 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' जैसी योजनाओं के समर्थन से शहद उत्पादन में लगभग 60% की वृद्धि हुई है, जिससे भारत शहद उत्पादन और निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। यह अभियान सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के जिन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है उनमें बरेली के कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान खींचा है। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर की इस उपलब्धि ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। वहीं, वाराणसी के शेख जीशान ने ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। ऑटो चालक के बेटे जीशान ने आर्थिक तंगी के बावजूद अपने जुनून को बनाए रखा और वाराणसी के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में प्रशिक्षक डॉ. मंजूर आलम अंसारी के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखारा। इसी प्रकार बिजनौर के किसान संजय सिंह के पुत्र तुषार चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में 102 किलोभार वर्ग में 289 किलोभार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर खेलो इंडिया 2025 को यादगार बना दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीनों खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की है।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य एक्स पोस्ट में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पीएम मोदी के विचारों की सराहना की, जिसे उन्होंने 'भारत के मन की बात' का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और सेना के साथ पूर्ण विश्वास के साथ खड़े हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना के पराक्रम और स्वदेशी हथियारों व तकनीक की सफलता ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को विश्व में फैलाया है। सीएम ने इस ऑपरेशन को आतंकवाद के खात्मे के संकल्प और राष्ट्रवादी चेतना का प्रतीक बताते हुए पीएम के प्रेरक उद्बोधन के लिए आभार जताया।

## यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन.अरोड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** इस दौरान डॉ. पी.एन.अरोड़ा ने इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद में यूपी इन्वेस्ट के तहत बन कर तैयार यशोदा मेडिसिटी की जानकारी दी। यह अस्पताल उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य परियोजनाओं में से एक है तथा राज्य में हो रहे निवेश योजना के उद्देश्यों के मुताबिक है। 8 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में बन रहे इस अस्पताल में 1200 बेड की सुविधा होगी जहाँ आधुनिक सुविधाएं, नई तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम भी मौजूद होगी। यशोदा मेडिसिटी का मकसद राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाना है तथा इसे जल्दी ही प्रदेश के लोगो के लिए खोल दिया जायेगा।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवनगाथा, सनातन धर्म की सेवा और राष्ट्रनिर्माण की अमर प्रेरणा है : मंत्री सुनील शर्मा



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा के राजेन्द्र नगर स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर भारतीय संस्कृति की गौरवशाली प्रतीक, धर्म-संरक्षिका 'पुण्यश्लोक' लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय मंत्री सुनील शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर केवल एक रानी नहीं थीं, वे सनातन धर्म की पुनर्रचना की आधारशिला थीं। उन्होंने भारत के उन मंदिरों और तीर्थों को पुनर्जीवित किया जिन्हें विदेशी आक्रांताओं ने ध्वस्त कर दिया था। उनका जीवन बताता है कि एक नारी जब धर्म, सेवा और संकल्प को धारण करती है, तो वह साक्षात शक्ति स्वरूपा बन जाती है। मंत्री जी ने आगे कहा काशी विश्वनाथ हो या रामेश्वरम, सोमनाथ हो या बद्रीनाथ-इन पवित्र तीर्थों की पुनर्स्थापना अहिल्याबाई जी की दृष्टि, श्रद्धा और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने भारत के भूगोल को फिर से आध्यात्मिक रंगों में रंगा। उनका शासन जनसेवा, न्याय और धार्मिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन गया। अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रेरणापुंज है। जब उन्होंने सत्तारूढ़ होते समय विधवा होने के बाद सामाजिक विरोध सहा, तो उन्होंने उसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया और सत्ता को धर्म और समाजसेवा का माध्यम बनाया। यही है सनातन धर्म का आदर्श-निस्वार्थ कर्म, निष्कलंक सेवा और अदम्य धैर्य। डॉ. चंद्रमोहन प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश के कहा की अहिल्याबाई होलकर वह दिव्य तेजस्विनी थीं जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए भारत के तीर्थों और मंदिरों को न केवल पुनर्जीवित किया, बल्कि उन्हें श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का केंद्र बना दिया। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, सोमनाथ, मथुरा, अयोध्या, रामेश्वरम, द्वारका, बद्रीनाथ, वृंदावन जैसे अनेक तीर्थस्थलों को फिर से भारत की आस्था से जोड़ा। उन्होंने जो शासन चलाया, वह केवल सत्ता नहीं, 'धर्म आधारित राष्ट्र संचालन' का आदर्श उदाहरण था।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अहिल्याबाई जी को 'भारतीय नारी शक्ति की जीवित प्रतिमा, सनातन धर्म की रक्षक एवं न्याय की देवी' के रूप में स्मरण किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता और लोकमाता अहिल्याबाई के जयघोष एवं 'ॐ नमः शिवाय' के सामूहिक जाप के साथ हुआ। उपस्थित जनसमुदाय ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में धर्म, सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकमाता के आदर्शों पर चलेंगे। कार्यक्रम में साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत समस्त मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, सभासद गण खोड़ा नगर पालिका, पार्टी पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी संगठनों की सहभागिता रही।

### रेडक्रॉस सोसायटी गाजियाबाद द्वारा रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सौजन्य से

## 50 क्षय रोगियों को गोद लिया गया तथा प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी पात्र क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** रेडक्रॉस सोसायटी गाजियाबाद द्वारा रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सौजन्य से रविवार को फिर गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. प्रशांत राज शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में 50 क्षय रोगियों को गोद लिया गया तथा प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी पात्र क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली भी वितरित की गई। रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए प्रशांत राज शर्मा ने कहा कि अब रोगियों के जागरूक होने का समय आ गया है। दवाई के साथ पौष्टीक आहार भी जरूरी है। रेड क्रॉस सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि मुख्यतः आज के कार्यक्रम टी.बी. के प्रति सचेत करना था क्योंकि लोग अज्ञानता के कारण हतोत्साहित हो जाते हैं और अपने परिवार से, समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद की डॉ. हिना मुकिम व डॉ. शबनम आरा द्वारा एकमत होकर सभी उपस्थित रोगियों को बीमारी के गंभीर परिणाम के बारे में जानकारी दी तथा समझाया कि सरकार द्वारा अब उत्तम स्तर की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध है। बीमारी लाइलाज नहीं है, नियमित रूप से दवाइयां लेने के साथ साथ पौष्टीक आहार का सेवन करें और अब तो रोटरी व रेडक्रॉस भी टी.बी. को लेकर चिंता में हैं, लगातार पौषण पोटली वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के अध्यक्ष नीरज त्यागी, संदीप मिगलानी, राकेश चतुर्वेदी, एम.सी.गौड़, विपिन अग्रवाल, नागेंद्र सामल के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के रविंद्र सिंह अर्चना चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. वसीम द्वारा रेड क्रॉस व रोटरी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## प्राधिकरण में आईटीआई की समीक्षा बैठक: लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर बल



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** प्राधिकरण में सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर सचिव महोदय ने की, जिसमें प्राधिकरण के सभी जन सूचना अधिकारियों एवं सहायक जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आर.टी.आई. के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की संख्या, निस्तारित प्रकरणों की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिसमे अब तक कुल 1694 आर.टी.आई. प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिनमें से 971 प्रकरणों का निस्तारण संबंधित विभागों द्वारा किया जा चुका है, जबकि 722 प्रकरण अभी लंबित हैं। इन लंबित प्रकरणों में से 637 प्रकरण ऐसे है जो आर.टी.आई. अधिनियम में निर्धारित समय सीमा को पार कर चुके हैं, जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु अपर सचिव द्वारा समस्त संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया गया। अपर सचिव महोदय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से तथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचना का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण न केवल नागरिकों के अधिकारों को सशक्त बनाता है, बल्कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करता है। इससे आम नागरिकों को सूचना प्राप्त करने में सुविधा होगी और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

## डॉ.अतुल कुमार जैन ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में योगोत्सव में भाग लेकर विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** डॉ.अतुल कुमार जैन ने पूज्य गुरुदेव 108 श्री प्रणम्य सागर महाराज जी के सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित योगोत्सव में भाग लेकर विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। काफी बड़ी संख्या में जनसमूह विभिन्न वर्गों और जैन समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे। गुरुवर द्वारा बताई गई विभिन्न योग क्रियाओं से सभी को काफी लाभ हुआ योग ध्यान से स्वस्थ रहने के बहुत सारे नियम और सिद्धांत गुरुवर द्वारा बताए गए।

## यूएसए में ग्लोबल एजुकेशन लीडर अवार्ड से सम्मानित हुए नेहरू वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल तथा हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स के सह-संस्थापक निदेशक डॉ. अरुणाभसिंह को 24 मई 2025 को हिल्सडेल कॉलेज मिशिगन यूएसए में प्रतिष्ठित 'ग्लोबल एजुकेशन लीडर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इंडिया-यूएसए ग्लोबल एजुकेशन लीडरशिप समिट 2025 के दौरान प्रदान किया गया। समिट में शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और वैश्विक शिक्षा समुदायों पर उनके प्रभाव को मान्यता प्रदान की गई। यह पुरस्कार डॉ. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व को रेखांकित करता है, जिन्होंने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर के 12वीं तक की नवीन शिक्षण विधियों पर आधारित शैक्षिक वातावरण और प्रौद्योगिकी के समावेश से शिक्षा को नवीन राह देने में और प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स में डॉ. सिंह ने भारत के सर्वोच्च रैंक वाले प्री-स्कूल सिस्टम का नेतृत्व किया है, जो स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। वहीं उनके नेतृत्व में नेहरू वर्ल्ड स्कूल न केवल गाजियाबाद में प्रथम स्थान लेने में सक्षम बना बल्कि भारत के शीर्ष 10 स्कूलों में भी स्थान बना चुका है, जिसकी पहचान अकादमिक उत्कृष्टता, वैश्विक भागीदारी और नवाचारी शिक्षण संस्कृति से होती है।

यूएसए में अपने भाषण में डॉ. सिंह ने कहा कि यह सम्मान सहयोग की शक्ति और इस विश्वास को समर्पित है कि शिक्षा को बदलती दुनिया की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित होना चाहिए। चाहे वह हेल्दी प्लैनेट में बच्चों को पोषित करना हो या नेहरू वर्ल्ड स्कल में किशोरों का मार्गदर्शन हो। विद्यालय का लक्ष्य एक ही है कि हर बच्चे को जिज्ञासा, साहस और करुणा के साथ विकसित किया जाए। के हिल्सडेल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के शिक्षा नेताओं ने शिक्षा के भविष्य को नवीन आकार देने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोणों पर भी चर्चा की। ललित कलाओं और नागरिक शिक्षा के लिए समर्पित हिल्सडेल कॉलेज इस वैश्विक शैक्षिक नेतृत्व उत्सव के लिए एक उपयुक्त स्थान सिद्ध हुआ। डॉ. सिंह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं-जैसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, ब्रिटिश काउंसिल और कैम्ब्रिज प्रेस एंड एसेसमेंट के सलाहकार भी हैं। शिक्षा के लिए समर्पित डॉ. सिंह सदैव शैक्षिक सुधार, एडटेक और शिक्षक सशक्तिकरण पर निरंतर प्रयास करते रहते है। हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स भारत में प्रारंभिक बाल शिक्षा की एक अग्रणी पहल है, जिसे देश का नंबर एक प्री-स्कूल माना गया है। यह पहल पीढ़ीगत सहभागिता, भावनात्मक कल्याण और स्थिरता के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल 1978 में स्थापित हुआ। यह स्कूल गाजियाबाद में सीबीएसई और कैम्ब्रिज से संबंधित स्कूल है। यह अपनी अकादमिक उपलब्धियों, वैश्विक दृष्टिकोण और छात्र-केंद्रित शिक्षण शैली के लिए जाना जाता है और भारत में शिक्षा के क्षेत्र में नवीन भविष्य की ओर अग्रसर एक आदर्श मॉडल भी बन चुका है।